पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने सीएसए विश्वविद्यालय, कानपुर में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल छात्रावास का किया लोकार्पण'

लखनऊ : 24 नवम्बर, 2022

प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर में राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा नवनिर्मित लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल छात्रावास का लोकार्पण किया। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि आप लोगों ने इस ऐतिहासिक कृषि विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया है, अपना कैरियर कृषि में बनाएं तथा भविष्य में स्वावलंबी बन आत्मनिर्भर भी बने। उन्होंने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों के शोधों का ही परिणाम है कि देश उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर बढ़ रहा है। पहले देश में अनाज आयात होता था, आज निर्यात हो रहा है। कृषि विश्वविद्यालय व शोध संस्थानों के वैज्ञानिक मिलकर जैविक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं जो एक सुखद पहलू है।

राज्यपाल जी ने खेती में रासायनों का प्रयोग से ऐहतियात रखने के सुझाव के साथ कहा कि रसायनों के अधिकाधिक प्रयोग से बीमारियों को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि किसान मिश्रित खेती कर अधिक लाभ उठाएं। कृषि वैज्ञानिक नित नए–नए बीजों का शोध कर रहे हैं। साथ ही किसानों को प्रशिक्षित कर उन्हें शहद उत्पादन एवं अन्य व्यवसाय मत्स्य पालन, डेयरी उत्पादन, बकरी पालन आदि कृषि आधारित व्यवसायों के प्रति प्रेरित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाएं भी गेहूं से दलिया आदि में मूल्य संबर्द्धन कर आत्मनिर्भर बन रही हैं।

राज्यपाल जी ने फसल अवशेषों को जलाए जाने पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि किसान भाई फसल अवशेषों में आग बिल्कुल भी न लगाएं बल्कि उससे खाद बनाकर मिट्टी में मिलाएं, जिससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता भी कम होगी। इसी क्रम में राज्यपाल जी ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य वर्द्धक और पोष्टिक भोजन करने के विषय में जानकारी दी।

कार्यक्रम में कुलपति डॉ0 डी0आर0 सिंह ने कुलाधिपति को विश्वविद्यालय की प्रगति से अवगत कराया और कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अब देश—विदेशों में उच्च पदों पर सुशोभित होकर प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं।

कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के प्राविधिक शिक्षा मंत्री श्री आशीष पटेल, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, अधिकारी, छात्र—छात्राएं तथा अन्य उपस्थित रहे।

———————

डा0 सीमा गुप्ता/राजभवन
सम्पर्क सूत्र— 8318116361